Toppersnotes®
Unleash the topper in you

# BSSC

## कार्यालय परिचारी (Office Attendant)

बिहार कर्मचारी चयन आयोग (BSSC)

भाग - 3

मॉडल पेपर

SIERRA INNOVATIONS

# विषय सूची


| S.N. | Content | P.N. |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर – 1 | 1 |
| 2. | मॉडल पेपर – 2 | 8 |
| 3. | मॉडल पेपर – 3 | 16 |
| 4. | मॉडल पेपर – 4 | 24 |
| 5. | मॉडल पेपर – 5 | 31 |
| 6. | मॉडल पेपर – 6 | 38 |
| 7. | मॉडल पेपर – 7 | 45 |
| 8. | मॉडल पेपर – 8 | 52 |
| 9. | मॉडल पेपर – 9 | 59 |
| 10. | मॉडल पेपर – 10 | 66 |
| 11. | मॉडल पेपर – 11 | 73 |
| 12. | मॉडल पेपर – 12 | 80 |
| 13. | मॉडल पेपर – 13 | 87 |
| 14. | मॉडल पेपर – 14 | 94 |
| 15. | मॉडल पेपर - 15 | 101 |

1

# मॉडल पेपर

## बिहार कर्मचारी चयन आयोग - कार्यालय परिचारी परीक्षा

**प्रश्नों की संख्या : 100** **समय : 2 घंटे**

1. **20% और 35% की दो क्रमागत छूट के बाद, एक वस्तु 50700 रु. में बेची जाती है। वस्तु का अंकित मूल्य (रु. में) क्या है?**
   (A) 92500 (B) 98500
   (C) 97500 (D) 94000

2. **तीन व्यक्ति एक साथ सुबह की सैर शुरू करते हैं। उनके कदम एक बार में क्रमशः 70 सेमी, 75 सेमी और 80 सेमी दूरी तय करते हैं। प्रत्येक को कितनी न्यूनतम दूरी चलनी चाहिए, जिससे वे सभी समान दूरी को पूर्ण कदमों में तय कर सकें?**
   (A) 8800 सेमी (B) 8400 सेमी
   (C) 6400 सेमी (D) 8000 सेमी

3. **एक विद्यालय के कक्षा 10, 11 और 12 में विद्यार्थियों की संख्या क्रमशः 348, 256 और 480 है। सभी छात्रों को अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया था, किसी भी समूह में एक से अधिक कक्षा के छात्र नहीं थे। यदि सभी समूहों में छात्रों की संख्या समान हो, तो समूहों की न्यूनतम संख्या क्या होगी?**
   (A) 236 (B) 130
   (C) 332 (D) 271

4. **एक निश्चित राशि साधारण ब्याज पर 5 वर्ष मे 1020 हो जाती है और 8 साल में 1200 मूल निवेश का मूल्य क्या है?**
   (A) 820 (B) 780
   (C) 700 (D) 720

5. **एक संख्या को 5 से गुणा करके उसमें 25 जोड़ दिया जाता है? प्राप्त परिणाम को 5 से भाग दिया जाता है और मूल संख्या को उसमें से घटा दिया जाता है। शेष संख्या होगी?**
   (A) 0 (B) 1
   (C) 3 (D) 5

6. **निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
   A. किन्हीं दो अपरिमेय संख्याओं के योग एवं अंतर का अपरिमेय संख्या होना आवश्यक नहीं है।
   B. किन्हीं दो अपरिमेय संख्याओं का गुणनफल, अपरिमेय संख्या होती है।
   C. किन्हीं दो भिन्न अपरिमेय संख्याओं a और b के लिए, संख्या a/b अपरिमेय होती है।
   (A) A, B और C (B) केवल A और B
   (C) केवल B और C (D) केवल A

7. **यदि a और b दो धनात्मक पूर्णांक इस प्रकार है कि $a^b = 125$ है, तो $(a-b)^{a+b-4}$ बराबर है-**
   (A) 16 (B) 25
   (C) 48 (D) 30

8. **पिछले वर्ष श्रीमान X की आयु एक संख्या का वर्ग थी और यह अगले वर्ष एक संख्या का घन होगा। अपनी आयु के पुन: किसी संख्या का घन बनने के लिए उसे कम से कम कितने वर्ष प्रतीक्षा करनी होगी?**
   (A) 42 (B) 38
   (C) 25 (D) 16

9. **1000 में किस न्यूनतम पूर्णांक को जोड़ा जाए कि वह पूर्ण वर्ग बन जाए?**
   (A) 10 (B) 18
   (C) 24 (D) 89

10. **प्रथम 15 घन पूर्ण संख्याओं का योग हैं?**
    (A) 130 (B) 10
    (C) 120 (D) 140

11. **निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या एक पूर्ण घन है?**
    (A) 25 (B) 36
    (C) 64 (D) 81

12. **एक संख्या के 40% और समान संख्या के 20% के बीच का अंतर 300 है। उस संख्या का 36% क्या है?**
    (A) 300 (B) 540
    (C) 250 (D) 200

**13.** **दो उम्मीदवारों के बीच एक चुनाव में, 85% मतदाताओं ने अपने मत डाले, जिनमें से 5% मतों को अमान्य घोषित किया गया। एक उम्मीदवार को 104975 मत मिले जो कुल वैध मत का 65% है। उस चुनाव में नामांकित वोटों की कुल संख्या कितनी है?**

(A) 195000 (B) 256500
(C) 200000 (D) 235000

**14.** **यदि एक आयत की लंबाई में 50% की कमी और चौड़ाई में 80% की वृद्धि की जाती है, तो आयत के क्षेत्रफल में कितने % का परिवर्तन होता है?**

(A) 10% की कमी (B) 10% की वृद्धि
(C) 20% की कमी (D) 20% की वृद्धि

**15.** **रमेश और आरके की आय 2 : 5 के अनुपात में है। रमेश की शुद्ध व्यय आरके के व्यय का 60% है। यदि वर्ष के अंत में रमेश के पास शुद्ध बचत उसकी आय का एक-चौथाई है, तो रमेश और आरके की बचत का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

(A) 5 : 1 (B) 7 : 2
(C) 1 : 5 (D) 2 : 7

**16.** **यदि 7 वस्तुओं का विक्रय मूल्य 8 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है, तब लाभ प्रतिशत (दशमलव के बाद एक स्थान तक सही) क्या है?**

(A) 15.4% (B) 14.3%
(C) 13.9% (D) 11.7%

**17.** **एक व्यक्ति ने एक रेफ्रिजरेटर को 14% की हानि पर बेचा। यदि वह इसे 805 रुपये अधिक में बेचता, तो उसे 6% का लाभ होता। 11% का लाभ प्राप्त करने के लिए विक्रय मूल्य (रुपये में) कितना होना चाहिए?**

(A) 4,450 रुपये (B) 3,460.75 रुपये
(C) 4,000 रुपये (D) 4,467.75 रुपये

**18.** **यदि 50 वस्तुओं का विक्रय मूल्य, 42 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है, तो अनुमानित हानि या लाभ प्रतिशत क्या है?**

(A) 16% हानि (B) 20% लाभ
(C) 10% हानि (D) 8% लाभ

**19.** **राम ने 25% के लाभ पर 70000 रुपये में एक मोटरसाइकिल बेची। 30% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे किस मूल्य पर मोटरसाइकिल को बेचना चाहिए?**

(A) 72,900 रुपये (B) 72,600 रुपये
(C) 72,800 रुपये (D) 72,700 रुपये

**20.** **सुमन ने एक वस्तु को इसके अंकित मूल्य पर 16% छूट देने के बाद 882 रुपये में बेचा। यदि उसने कोई छूट नहीं दी होती, तो उसे क्रय मूल्य पर 20% का फायदा होता। वस्तु का क्रय मूल्य क्या है?**

(A) 725 (B) 750
(C) 850 (D) 875

**21.** **एक निश्चित साधारण ब्याज की दर पर 6600 रुपये का मूलधन 8 वर्ष की अवधि में 12,936 रुपये हो जाता है। मूल ब्याज दर की तीन-चौथाई दर पर 5 वर्षों में 48000 रुपये का मिश्रधन कितना होगा?**

(A) 69,600 रुपये (B) 78,600 रुपये
(C) 86,700 रुपये (D) 68,700 रुपये

**22.** **किसी धनराशी पर 20 वर्षों के लिए साधारण ब्याज मूलधन का 5/4 है। वार्षिक ब्याज दर (प्रतिशत में) क्या है?**

(A) 6.25 (B) 12.5
(C) 2.5 (D) 5

**23.** **एक व्यक्ति तीन अलग योजनाओं में कुल 7900 रुपये क्रमशः 3%, 5% और 8% वार्षिक रूप से साधारण ब्याज की दर पर निवेश करता है। पहले वर्ष के अंत में उसे तीनों योजनाओं पर समान ब्याज मिलता है। 3% पर निवेश की गयी राशि (रुपये में) क्या है?**

(A) 2900 (B) 3500
(C) 4000 (D) 5600

**24.** **4000 रुपए पर 1 वर्ष के लिए 12% चक्रवृद्धि ब्याज दर से वार्षिक और अर्धवार्षिक चक्रवृद्धि ब्याजों में अंतर क्या होगा?**

(A) 14.4 (B) 12.4
(C) 10.4 (D) 16.4

**25. एक निश्चित मूलधन पर 5% प्रतिवर्ष की दर से 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर 981 रुपये है, मूलधन ज्ञात कीजिए।**

(A) 322400 (B) 392400
(C) 592400 (D) 398400

**26. पुलिस द्वारा एक चोर का पीछा किया जाता है और वह पकड़ा जाता है। चोर पुलिस से 40 मीटर आगे था और चोर और पुलिस की चाल क्रमशः 10 मीटर/सेकेंड और 15 मीटर/सेकेंड है। पुलिस द्वारा तय की गई कुल दूरी ज्ञात कीजिए।**

(A) 80 मीटर (B) 8 मीटर
(C) 120 किमी (D) 120 मीटर

**27. 60 किमी प्रति घंटे की गति से चलती हुई एक ट्रेन एक प्लेटफार्म को 30 सेकण्ड में पार कर लेती है। यदि ट्रेन की लम्बाई 200 मीटर है, तो प्लेटफार्म की लम्बाई (मीटर में) क्या होगी?**

(A) 300 (B) 250
(C) 420 (D) 500

**28. 31866 रुपये की राशि को A, B और C के बीच इस तरह विभाजित किया जाता है कि A और B के हिस्सों का अनुपात 9 : 8 है तथा A और C के हिस्सों का अनुपात 4 : 5 है, B का हिस्सा (रुपए में) क्या है?**

(A) 10152 (B) 12690
(C) 8460 (D) 9024

**29. आयत और वर्ग का क्षेत्रफल 1 : 3 के अनुपात में है। यदि आयत की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3 : 4 है, तो उनके विकर्णों का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

(A) $6\sqrt{2} : 5$ (B) $5\sqrt{2} : 6$
(C) $6 : 5\sqrt{2}$ (D) $5 : 6\sqrt{2}$

**30. अजय और विजय की वर्तमान आयु का अनुपात 2 : 3 है। 4 वर्ष पहले उनकी आयु का अनुपात 3 : 5 था। विजय की वर्तमान आयु (वर्षों में) क्या है?**

(A) 16 (B) 8
(C) 32 (D) 24

**31. भारत के किस राज्य की मुख्य भूमि की तटरेखा सबसे लंबी है?**

(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र
(C) केरल (D) ओडिशा

**32. चट्टानों का वह वैज्ञानिक अध्ययन जिसमें उनके संघटन, बनावट और संरचना; उनकी उपस्थिति और वितरण; तथा भौतिक-रासायनिक स्थितियों से संबंधित उनकी उत्पत्ति पर विचार किया जाता है उसे क्या कहते हैं?**

(A) शैल लक्षण (B) भूविज्ञान
(C) भू-आकृति विज्ञान (D) शैल विज्ञान

**33. निम्नलिखित में से कौन-सी खारे पानी की झील है?**

(A) वूलर (B) सांभर
(C) डल (D) गोविंद सागर

**34. मध्य एशिया की तुलना में किस भौतिक विशेषता के कारण भारत को अपेक्षाकृत मध्यम सर्दियों का अनुभव होता है?**

(A) हिमालय पर्वत (B) प्रायद्वीपीय पठार
(C) उत्तरी मैदान (D) तटीय मैदान

**35. निम्नलिखित में से किस बंदरगाह को जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के नाम से जाना जाता है?**

(A) न्हावा शेवा (B) कांडला बंदरगाह
(C) तूतीकोरिन बंदरगाह (D) मैंगलोर बंदरगाह

**36. तमिलनाडु में कौन सा ताप-विद्युत संयंत्र है**

(A) कुंडा (B) रामगुंडम
(C) पेकारा (D) नेवेली

**37. निम्नलिखित में से कौन एक धात्विक खनिज नहीं है?**

(A) हेमेटाइट (B) बॉक्साइट
(C) जिप्सम (D) लिमोनाइट

**38. भारत में संविधान सभा के चुनाव __________ में हुए थे।**

(A) जुलाई 1946 (B) अगस्त 1945
(C) नवंबर 1946 (D) जनवरी 1945

**39. भारत के संविधान की प्रस्तावना में कितने प्रकार के न्याय, स्वतंत्रता, समानता और अखंडता का उल्लेख उसी क्रम में किया गया है?**

(A) 3, 5, 2, 1 (B) 1, 3, 5, 2
(C) 2, 5, 3, 1 (D) 5, 2, 1, 3

**40. निम्नलिखित में से कौन सा मौलिक अधिकार भारत में विदेशियों के लिए उपलब्ध नहीं है?**

(A) अनुच्छेद 14 (B) अनुच्छेद 20

(C) अनुच्छेद 16 (D) अनुच्छेद 22

**41. भारत के संविधान में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को _________ संविधान से लिया गया था।**

(A) नार्वेजियन (B) आस्ट्रेलियाई

(C) स्पैनिश (D) आयरिश

**42. भारत के राष्ट्रपति को कौन पद-शपथ दिलाता है?**

(A) भारत के मुख्य न्यायधीश

(B) महान्यायवादी

(C) अध्यक्ष (स्पीकर)

(D) उप राष्ट्रपति

**43. भारत के निम्नलिखित प्रधानमंत्रियों में से कौन पहले एक राज्य का मुख्यमंत्री था और फिर भारत का पहला गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बना?**

(A) विश्वनाथ प्रताप सिंह (B) चंद्र शेखर

(C) चरण सिंह (D) मोरारजी देसाई

**44. गुजरात में कितनी लोकसभा सीटें हैं?**

(A) 20 (B) 26

(C) 28 (D) 32

**45. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय को अपनी न्यायिक शक्ति से भिन्न सलाहकार शक्ति में दो वर्गों के मामलों में अपना परामर्श देने की आवश्यकता हो सकती है?**

(A) अनुच्छेद 134 (B) अनुच्छेद 137

(C) अनुच्छेद 143 (D) अनुच्छेद 133

**46. निम्नलिखित का मिलान कीजिए:**

| **क्षेत्र** | **उदाहरण** |
|---|---|
| 1. प्राथमिक | a. परामर्श कार्य |
| 2. द्वितीय | b. मधुपालन |
| 3. तृतीय | c. जूता कारखाना |

(A) 1-b, 2-c, 3-a (B) 1-c, 2-a, 3-b

(C) 1-a, 2-c, 3-b (D) 1-c, 2-b, 3-a

**47. बाहरी झटकों के खिलाफ मुद्रा आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए मुद्रा बाजार में किसी देश के मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा हस्तक्षेप को _________ कहा जाता है।**

(A) स्टेरलाइजेशन (B) आरक्षित जमा

(C) काल्पनिक मांग (D) वैधानिक तरलता

**48. भारत में सबसे अधिक मछली उत्पादन करने वाला राज्य कौन सा है ?**

(A) गुजरात (B) पश्चिम बंगाल

(C) आंध्र प्रदेश (D) तमिलनाडु

**49. मेंगीफेरा इंडिका (आम), सोलनम ट्यूबरोसम (आलू) और पैंथेरा लियो (शेर) नामों में, तीन नाम, इंडिका, ट्यूबरोसम और लियो नाम क्या दर्शाते हैं?**

(A) द्विपदीय नामपध्दति (B) टैक्सोनोमिक पदक्रम

(C) पहचान (D) विशिष्ट एपथेट

**50. कौन सा उपकरण विद्युत ऊर्जा को ऊष्मा में परिवर्तित कर सकता है?**

(A) विद्युत हीटर (B) डाइनेमो

(C) विद्युत वल्ब (D) लाउड स्पीकर

**51. परमाणु क्रमांक 22 वाले तत्व के M कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या होती है**

(A) 10 (B) 8

(C) 12 (D) इनमें से कोई नहीं

**52. वह भारतीय शासक कौन था जिसका क्षेत्र भारत से बाहर का था?**

(A) चंद्रगुप्त मौर्य

(B) कनिष्क

(C) चंद्रगुप्त मौर्य और कनिष्क दोनों

(D) कोई भी विकल्प सही नहीं है

**53. विक्रम युग कब शुरू हुआ था?**

(A) 55 ई.पू. (B) 47 ई.पू.

(C) 57 ई.पू. (D) 50 ई.पू.

**54. किस सिख गुरु ने 'खालसा' की शुरुआत की थी?**

(A) गुरु नानक देव (B) गुरु गोबिंद सिंह

(C) गुरु अंगद देव (D) गुरु तेग बहादुर

ToppersNotes Unleash the topper in you

**55. भारत के पुर्तगाली राज्य के पहले गवर्नर और वायसराय के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?**

(A) त्रिस्तो दा कुन्हा

(B) अफोंसो डी अल्बुकर्क

(C) मैनुअल एंटोनियो वास्सलो ई सिल्वा

(D) फ्रांसिस्को डी अल्मेडा

**56. इनमें से किसने पूना में क्रांतिकारी संगठन, अभिनव भारत की स्थापना की?**

(A) वीडी सावरकर (B) चाफेकर बंधु

(C) अश्विन कुमार दत्ता (D) पुलिन बिहारी दास

**57. राजा राम मोहन राय के बारे में क्या सत्य नहीं है?**

(A) उन्होंने सती प्रथा को समाप्त किया।

(B) उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की।

(C) उन्होंने ब्रह्म समाज की स्थापना की।

(D) वह एक वकील थे।

**58. ऋग वेद' के सबसे प्रमुख देवता कौन हैं?**

(A) इंद्र (B) अग्नि

(C) पशुपति (D) विष्णु

**59. उपभोक्ता की आय में ________ के साथ सामान्य वस्तु की मांग में वृद्धि होती है।**

(A) वृद्धि (B) कमी

(C) स्थिर (D) दोगुनी

**60. भारत का पहला फ्रेंचाइज़ी-आधारित तीरंदाजी लीग कौन सा संगठन आयोजित कर रहा है?**

(A) भारतीय ओलंपिक संघ

(B) भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI)

(C) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड

(D) अखिल भारतीय टेनिस संघ

**61. इस राजवंश के शासन को पहली शताब्दी ईसा पूर्व के मध्य और तीसरी शताब्दी ईस्वी के मध्य अस्तित्व में स्वीकार किया जाता है। इस राजवंश की राजधानी प्रतिष्ठान (पैठन) और अमरावती थी। इस राजवंश का संस्थापक सिमुक था। यह किस राजवंश का सबसे संभावित विवरण है?**

(A) सातवाहन (B) कण्व

(C) चेदि (D) गुप्त

**62. बक्सर के युद्ध में ब्रिटिश सेना का सेनापति कौन था?**

(A) हेक्टर मुनरो (B) क्लाइव

(C) मेजर एडम्स (D) मेजर नॉक्स

**63. निम्नलिखितस में से कौन सा अभ्यारण सही सुमेलित नही हैं**

| अभ्यारण | जिला |
|---|---|
| (A) कुशेश्वर स्थान पक्षी अभयारण्य | दरभंगा |
| (B) नकटी बाँध पक्षी अभयारण्य | जमुई |
| (C) नकटी बाँध पक्षी अभयारण्य | जमुई |
| (D) उपरोक्त में से एक से अधिक | |

**64. घाघरा नदी बिहार के किस स्थान पर गंगा नदी में मिलती है?**

(A) सोनपुर (B) छपरा

(C) गोपालगंज (D) खगरिया

**65. किस मंत्रालय ने ट्रक ड्राइवरों के लिए 'अपना घर' पहल शुरू की?**

(A) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

(B) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

(C) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(D) श्रम और रोजगार मंत्रालय

**66. बिहार के किस जिले में सबसे कम वन क्षेत्र पाए जाते हैं?**

(A) शिवहर और शेखपुरा

(B) कैमूर और पश्चिम चंपारण

(C) मधेपुरा

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

**67. आसियान गवर्नर्स एंड मेयर्स फोरम (AGMF) कहाँ आयोजित होने वाला है?**

(A) जकार्ता (B) बैंकॉक

(C) कुआलालंपुर (D) सिंगापुर

**68. बिहार जनगणना 2011 के अनुसार बच्चों का लिंग अनुपात कितना है ?**

(A) 918

(B) 935

(C) 845

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

Unleash the topper in you

69. **बिहार के प्रथम राज्यपाल कौन थे?**

(A) जयरामदास दौलतराम

(B) आर आर दिवाकर

(C) जाकिर हुसैन

(D) माधव श्रीहरि अणे

70. **शतरंज ई-स्पोर्ट्स विश्व कप (EWC) 2025 किसने जीता?**

(A) हिकारू नाकामुरा (B) अलिरेज़ा फिरौजा

(C) मैग्नस कार्लसन (D) टीम फाल्कन्स

71. **सर्वनाम से निर्मित भाववाचक संज्ञा कौन-सी है?**

(A) कायरता (B) ईर्ष्या

(C) अहंकार (D) औचित्य

72. **किस विकल्प में सभी विशेषण शब्द संज्ञा शब्दों से रचित है?**

(A) शिक्षित, कमाऊ (B) भीतरी, आपसी

(C) पीड़ित, दयनीय (D) वार्षिक, निचल

73. **निम्न में से कौनसा शब्द सर्वनाम है -**

(A) पानी (B) आकार

(C) ये (D) दिन

74. **अनिश्चयवाचक सर्वनाम किस वाक्य में है?**

(A) यह पुस्तक मेरी है (B) बाहर कोई खड़ा है

(C) आप क्या लाये हैं (D) मुझे कुछ रुपये चाहिए

75. **इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं?**

(A) हाथी, बाल, आलू (B) भलाई, हलवाई, ईसाई

(C) इमली, चाँदी, लौकी (D) साथी, घी, शक्कर

76. **किस विकल्प में पुंलिंग-स्त्रीलिंग युग्म गलत है?**

(A) मेंढक - मेढ़ा (B) कवि - कवयित्री

(C) बाघ - बाधिन (D) नेता – नेत्री

77. **निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा शब्द से बना विशेषण छाँटिए-**

(A) ऊपरी (B) सुगंधित

(C) सुअक्कड (D) कमाऊ

78. **निम्नलिखित में से कौनसा शब्द विशेषण नहीं है?**

(A) मनुष्य (B) भारतीय

(C) दैनिक (D) ग्रामीण

79. **किस क्रम में सही पर्याय नहीं हैं?**

(A) दिन - वासर, दिवस, दिवा

(B) दूध - नीर, जल, पावस

(C) तरु - वृक्ष, विटप, पादप

(D) मयूर - मोर, शिखी, केकी

80. **कौनसा शब्द 'पर्वत' का पर्याय नहीं है?**

(A) अचला (B) अचल

(C) आद्रि (D) नग

81. **देवेन्द्र मैदान में खेल रहा है' पंक्ति में कौनसा कारक है?**

(A) कर्म कारक (B) सम्बन्ध कारक

(C) अपादान कारक (D) अधिकरण कारक

82. **किस क्रम में करण कारक नहीं है?**

(A) लड़का छत से गिर पड़ा

(B) पिताजी कार से कार्यालय जाते है

(C) बाजार में पैसे से सामान खरीदा जाता है

(D) प्राचार्य ने यह आदेश चपरासी के द्वारा भिजवाया है

83. **धोबी का कुत्ता घर का न घाट का मुहावरे का भावार्थ है?**

(A) उपकार का बदला उतारना।

(B) अच्छी तरह जानना।

(C) बहुत अनुनय-विनय करना।

(D) जिसका कहीं ठिकाना न हो।

84. **निम्नलिखित सूची-I के मुहावरों को सूची-II में उनके अर्थ के साथ सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (1) सिर पर भूत सवार होना | (क) बिना मतलब दखल देना |
| (2) दाल - भात के मूसलचंद | (ख) किसी के काम न आने वाला |
| (3) गूलर का फूल हो जाना | (ग) धुन लग जाना |
| (4) ताड़ का वृक्ष | (घ) कम दिखना |

(A) (1)-(ग); (2)-(घ); (3)-(क); (4)-(ख)

(B) (1)-(ग); (2)-(ख); (3)-(क); (4)-(घ)

(C) (1)-(ग); (2)-(क); (3)-(घ); (4)-(ख)

(D) (1)-(क); (2)-(ख); (3)-(ग); (4)-(घ)

**85. नीचे दिये गये विकल्पों में से कौन-सा विकल्प भूतकाल के अंतर्गत आएगा?**

(A) पलक पांचवीं कक्षा में पढ़ती है ।

(B) पलक पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी।

(C) पलक पांचवीं कक्षा में पढ़ेगी ।

(D) उपर्युक्त सभी

**86. इनमें से किस विकल्प में संधि सही है?**

(A) दिक् + मण्डल = दिग्मण्डल

(B) एक + एक = एकैक

(C) स्त्री + उचित = स्त्रियोचित

(D) पितृ + इच्छा = पितृच्छा

**87. संधि विच्छेद की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही नहीं है?**

(A) मतैक्य = मत + ऐक्य

(B) ऊहापोह = ऊह + अपोह

(C) अन्वीक्षण = अनु + ईक्षण

(D) विवादास्पद = विवाद + अस्पद

**88. इनमें से किस विकल्प का संधि-विच्छेद सही है?**

(A) निष्ठुर = नि + स्थुर

(B) पर्यटन = परी + अटन

(C) वार्तालाप = वार्त + अलाप

(D) भानूदय = भानू + उदय

**89. किस विकल्प में विलोम युग्म है-**

(A) मौलिक - अनूदित (B) मसृण - विमल

(C) पूर्वरात्र - अपराह्न (D) मूर्त - गौण

**90. इनमें से किस शब्द का समास-विग्रह सही है?**

(A) महापुरुष = महान् तथा पुरुष

(B) सत्याग्रह = सत्य का आग्रह

(C) विद्यालय = विद्या के लिए आलय

(D) वनवास = वन का वास

**91. तबेले की बला बंदर के सिर' उक्त लोकोक्ति का उचित भावार्थ है?**

(A) कम सामग्री से काम पूरा करना

(B) अपराधी कोई और दण्ड किसी ओर को

(C) चालाकी में मात देना

(D) बेइज्जत होकर कुछ पाना

**92. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?**

(A) पति धर्म ही जिसका व्रत हो - पतिव्रता

(B) शोक की शुरुआत - शोकांत

(C) सुंदर आकार वाला – सुडौल

(D) हिंसा करने वाला - हिंसक

**93. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए -**

(A) विरहिणी, चहारदीवारी (B) आध्यात्म, स्वास्तिक

(C) माहात्म्य, साप्ताहिक (D) अनाधिकार, भवनिष्ठ

**94. तत्सम - तद्भव की दृष्टि से कौन-सा युग्म सही नहीं है?**

(A) दंष्ट्रिका-दाढ़ी (B) गोधूम-गाहक

(C) बधिर-बहरा (D) पाषाण-पाहन

**95. उपसर्ग से निर्मित शब्दों के संदर्भ में कौन-सा विकल्प संगत है?**

(A) नि - निष्पात, निष्पक्ष, निष्ठा

(B) सु - स्वल्प, सौहार्द, सुषुप्त

(C) प्र - प्रगति, प्रतिवाद, प्रभाव

(D) आ - आक्षेपित, आंगिक, आसक्ति

**96. किस शब्द में 'ला' उपसर्ग नहीं है?**

(A) लापता (B) लाचार

(C) लालसा (D) लावारिस

**97. अर्थ की दृष्टि से असंगत मुहावरे का चयन कीजिए-**

(A) कंधे से कंधा छिलना - अत्यधिक भीड़ होना।

(B) ऊँचे-नीचे पैर पड़ना - आँगन का समतल न होना।

(C) एक घाट का पानी पीना - एकता और सहिष्णुता होना।

(D) कमान से तीर निकल जाना - अवसर चूक जाना।

**98. प्रत्यय की दृष्टि से असुमेलित विकल्प बताइये?**

(A) वृष्णि + एय = वार्ष्णेय

(B) वल्मीक + इ = वाल्मीकि

(C) विचारण + ईय = विचारणीय

(D) दृष् + तव्य = द्रष्टव्य

**99. प्रत्यय की दृष्टि से असुमेलित विकल्प का चयन कीजिए-**

(A) मानव + ई = मानवी

(B) राधा + एय = राधेय

(C) मृ + अक = मारक

(D) स्थान + अनीय = स्थानीय

**100. निम्नलिखित प्रश्न में दी गई रचना के रचयिता के सही नाम का चयन उसके नीचे दिए गए चार विकल्पों में से कीजिए।**

**साहित्य लहरी**

(A) सूरदास (B) जायसी

(C) कबीर (D) पद्माकर

**2**

# मॉडल पेपर

## बिहार कर्मचारी चयन आयोग - कार्यालय परिचारी परीक्षा

**प्रश्नों की संख्या : 100** **समय : 2 घंटे**

**1. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्त्य 13 है। निम्नलिखित में से कौन उनका लघुत्तम समापवर्त्य कभी नहीं हो सकता है?**

(A) 65 (B) 62
(C) 52 (D) 78

**2. एक कमरे के फर्श की लम्बाई 3.75 मी और चौड़ाई 2.50 मी है। इस फर्श को संभावित सबसे बड़े वर्गाकार पटियों के साथ पक्का किये जाने की आवश्यकता है। ऐसे पटियों की भुजा (सेमी में) और फर्श को पक्का करने के लिए आवश्यक पटियों की संख्या ज्ञात कीजिए।**

(A) 8, 20 (B) 12, 20
(C) 120, 5 (D) 125, 6

**3. यदि दो संख्याओं 1728 और K का न्यूनतम उभयनिष्ठ गुणज, 5184 है, तो K के कितने मान संभव हैं?**

(A) 11 (B) 8
(C) 6 (D) 7

**4. प्रति वर्ष 8% की दर से 3 वर्षों के लिए 1440 रुपये के मूलधन पर साधारण ब्याज (रुपये में) क्या होगा?**

(A) 345.6 (B) 230.4
(C) 367.8 (D) 312.2

**5. दो संख्याओं का अनुपात 3:4 है, यदि दोनों में से 5 घटा दिया जाए तो उनका अनुपात 2:3 हो जाता है, इनमें से छोटी संख्या होगी-**

(A) 24 (B) 18
(C) 15 (D) 12

**6. साधारण ब्याज की किसी दर से कोई धनराशि 2 वर्ष के लिए निवेशित की गई। यदि इसे 1% अधिक दर पर निवेशित किया गया होता, तो ₹ 24 अधिक ब्याज मिलता है। वह धनराशि है**

(A) ₹ 1200 (B) ₹ 1050
(C) ₹ 1000 (D) ₹ 9600

**7. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –**

**1. 5 क्रमागत पूर्णांकों का योग 100 हो सकता है।**

**2. तीन क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल उनके योग के बराबर हो सकता है।**

**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

**8. एक घनाकार टंकी जिसकी भुजा की लम्बाई 48 सेमी. हैं तो बताओं टंकी मे कुल कितना लीटर पानी आएगा?**

(A) 110.952 लीटर (B) 11.922 लीटर
(C) 110.592 लीटर (D) 110592 लीटर

**9.** $\frac{0.324 \times 0.081 \times 4.624}{1.5625 \times 0.0289 \times 72.9 \times 64}$ **का वर्गमूल है**

(A) 24 (B) 2.4
(C) 0.024 (D) 1.2

**10. यदि सुबोध शारीरिक परीक्षण के लिए 4 किमी/घंटा के बजाय 9 किमी/घंटा की यात्रा करता है, तब वह पहले की तुलना में 7.5 किमी अधिक दूरी तय करता है। उसके द्वारा तय की गई वास्तविक दूरी (किमी में) क्या है?**

(A) 8 किमी (B) 5 किमी
(C) 6 किमी (D) 4 किमी

**11. एक विक्रेता 20000 रुपये अंकित मूल्य की एक वस्तु को 10% और 8% के दो क्रमागत छूट पर खरीदता है। वह 1440 रुपये मरम्मत पर खर्च करता है और इसे 20000 रुपये में बेच देता है। उसका लाभ/हानि प्रतिशत (दशमलव के ठीक एक स्थान तक) क्या है?**

(A) 11.1% लाभ (B) 11.1% हानि
(C) 12.3% लाभ (D) 12.3% हानि

Toppersnotes
Unleash the topper in you

**12.** एक चुनाव में, तीन उम्मीदवार थे: A, B और C 10% योग्य मतदाताओं ने मतदान नहीं किया। मतदान करने वालों में से, 45% ने A के लिए मतदान किया, 35% ने B के लिए मतदान किया और शेष 20% ने C के लिए मतदान किया। A के लिए डाले गए 30% वोट और B के लिए डाले गए 20% मतों को बाद में अमान्य माना गया, जबकि C के लिए डाले गए सभी मतों को वैध माना गया। यदि A को B की तुलना में 882 अधिक वैध मत मिले, तो C को कितने वैध मत प्राप्त हुए?

(A) 5020 (B) 5040

(C) 5050 (D) 5060

**13.** एक व्यक्ति का मासिक वेतन 50,000 रुपये था। वह तीन जगह - व्यक्तिगत और पारिवारिक व्यय (E), कर (T), परोपकार (P) पर व्यय करता है और शेष उसकी बचत है। E आय का 50% था, T, E का 20% था और P, T का 15% था। जब उसके वेतन में 40% की वृद्धि होती है, वह E के प्रतिशत स्तर को बरक़रार रखता है, लेकिन T, E का 30% हो जाता है और P, T का 20% हो जाता है। नयी बचत पुरानी बचत से कितने प्रतिशत अधिक या कम है? (दशमलव के बाद दो अंकों तक पूर्णांकित)

(A) 8.2% कम (B) 16.4% कम

(C) 8.2% अधिक (D) 16.4% अधिक

**14.** दो संख्याएं तीसरी संख्या से क्रमशः 16.25% और 55% अधिक हैं। तब पहली संख्या, दूसरी संख्या का कितने प्रतिशत है?

(A) 85% (B) 81%

(C) 75% (D) 61%

**15.** एक निर्माण इकाई में, यह नोट किया गया कि कच्चे माल की कीमत में 25% की वृद्धि हुई है और श्रम लागत कच्चे माल के क्रय मूल्य के 30% से बढ़कर कच्चे माल के क्रय मूल्य का 38% हो गई है। कच्चे माल की खपत को कितना प्रतिशत कम किया जाए ताकि लागत वृद्धि से पहले जितनी बनी रहे?

(A) 20.7% (B) 30.2%

(C) 25.5% (D) 24.6%

**16.** 62 पुस्तकों का क्रय मूल्य 50 पुस्तकों के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ प्रतिशत है:

(A) 24 (B) 25

(C) 20 (D) 30

**17.** एक वस्तु 10% की हानि पर x रुपये में बेची जाती है। यदि उसी वस्तु को y रुपये में बेचा जाता है, तो 18% का लाभ होता है। (2x + y ) : (2x - y) का अनुपात क्या है?

(A) 118 : 45 (B) 59 : 45

(C) 153 : 35 (D) 149 : 31

**18.** एक लेन-देन में, लाभ, प्रतिशत लागत का 70% है। यदि लागत में 40% की वृद्धि होती है, लेकिन विक्रय मूल्य समान रहता है, तो दो लाभ प्रतिशतों के बीच का अंतर क्या होगा?

(A) 48.57% (B) 40.57%

(C) 45.87% (D) 40.0%

**19.** एक प्रिंटर का अंकित मूल्य 1250 रुपए है। दुकानदार 20% और 45% की क्रमिक छूट देता है। तो प्रिंटर का विक्रय मूल्य क्या होगा?

(A) 500 रुपए (B) 540 रुपए

(C) 550 रुपए (D) 480 रुपए

**20.** एक लेख का बाजार मूल्य 2720 रुपये है। यदि एक दुकानदार 25% छूट देने के बाद लेख को 15% की हानि पर बेचता है, तो लेख का क्रय मूल्य (रुपये में) क्या है?

(A) 2400 (B) 1300

(C) 2000 (D) 1800

**21.** एक व्यक्ति 8,000 रुपये 8% प्रति वर्ष साधारण ब्याज की दर से एक बैंक में जमा करता है। 8 वर्षों के बाद की मिश्रधन क्या होगा?

(A) 10,784 रुपये (B) 12,545 रुपये

(C) 12,600 रुपये (D) 13,120 रुपये

**22.** 8000 रुपये की एक राशि को दो भागों में विभाजित किया जाता है। पहले भाग पर 21% की वार्षिक दर से साधारण ब्याज दूसरे भाग पर 35% की वार्षिक दर साधारण ब्याज के बराबर है। प्रत्येक भाग का ब्याज (रुपयो में) क्या है?

(A) 1050 (B) 840

(C) 1400 (D) 1220

**23. 12.5% प्रति वर्ष पर 2 वर्षों के लिए 2500 रुपये पर साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।**

(A) 250 रुपये (B) 315 रुपये

(C) 500 रुपये (D) 625 रुपये

**24. 1800 रुपये के मूलधन पर, 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्षों में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज कितना है?**

(A) 1846.84 रुपये (B) 156.84 रुपये

(C) 194.60 रुपये (D) 146.88 रुपये

**25. एक निश्चित राशि पर 10% वार्षिक व्याज की दर से 2 वर्षों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज 651 रुपये (वार्षिक रूप से संयोजित ब्याज) है। उसी राशि पर वार्षिक ब्याज की आधी दर से और दोगुने समय के लिए वार्षिक साधारण ब्याज कितना है?**

(A) 600 रुपये (B) 630 रुपये

(C) 520 रुपये (D) 620 रुपये

**26. एक कार और एक बाइक 120 किमी की दूरी तय करने के लिए यात्रा करती है। एक कार समान दूरी को तय करने में बाइक से 1 घंटा कम समय लेती है। बाइक की औसत गति, कार की तुलना में 10 किमी/घंटा कम है। कार और बाइक की औसत गति ज्ञात कीजिए।**

(A) 20, 50 (B) 50, 20

(C) 40, 30 (D) 30, 40

**27. एक रेल प्रथम 5 किमी. का सफर 30 किमी. प्रति घंटा की दर से तय करती है तथा बाद के 15 किमी. का सफर 45 किमी. घण्टा की दर से तय करती है। तब रेल की औसत गति थी-**

(A) 35 किमी/घंटा (B) 38 किमी/घंटा

(C) 42 किमी/घंटा (D) 40 किमी/घंटा

**28. x रुपये की धनराशि को A, B और C के बीच इस तरह विभाजित किया जाता है कि A और B के हिस्सों का अनुपात 3 : 4 है और A और C के हिस्सों का अनुपात 5 : 8 है। यदि B और C के हिस्सों के बीच का अंतर का 312 रुपये है, तो x का मान क्या होगा?**

(A) 4,602 रुपये (B) 4,524 रुपये

(C) 4,680 रुपये (D) 4,446 रुपये

**29. नेहा और हितेश की आय का अनुपात 4 : 5 है और इनके व्यय का अनुपात 2 : 3 है, यदि इनमें से प्रत्येक की बचत 2000 है, तो इनकी आय ज्ञात कीजिए?**

(A) 4000, 6000 (B) 4000, 5000

(C) 5000, 4000 (D) 5000, 6000

**30. 112, 324, 132 के चतुर्थानुपाती तथा 1089 और 1521 के मध्यानुपाती का अनुपात ज्ञात कीजिए।**

(A) 15 : 87 (B) 23 : 51

(C) 33 : 52 (D) 27 : 91

**31. भारत के सबसे छोटे जिले का नाम बताइए।**

(A) हैलाकांडी (B) अलीराजपुर

(C) माहे (D) गुंटूर

**32. उत्तरी भारत के पंजाब मैदान में _______ का वर्चस्व है।**

(A) डन्स (B) मार्ग

(C) दोआब (D) ग्रेनाइट

**33. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

(A) चेनाब, सिंधु की सबसे बड़ी सहायक नदी है।

(B) सतलुज, सिंधु की सबसे लंबी सहायक नदी है

(C) उपरोक्त दोनों सही हैं।

(D) उपरोक्त में से कोई भी सही नहीं है।

**34. निम्न में से किस राज्य में पश्चिमी क्षेत्र में वातावरण में गड़बड़ी के कारण वर्षा होती है?**

(A) पंजाब (B) पश्चिम बंगाल

(C) केरल (D) गुजरात

**35. परिवहन का कौन सा साधन बहुत लचीला है?**

(A) जल (B) पाइपलाइन

(C) वायु (D) रेलवे

**36. उस परमाणु प्रतिक्रिया प्रक्रिया को क्या कहा जाता है जिसमें एक भारी नाभिक लगभग समान द्रव्यमान के दो नाभिकों में विभाजित होता है?**

(A) तेजी से प्रजनन (B) नियंत्रित प्रजनन

(C) परमाणु विखंडन (D) परमाणु संलयन

Unleash the topper in you

**37. लोग संसाधनों का उपयोग भवन, पुल, सड़क, मशीनरी और वाहन बनाने के लिए करते हैं। यह किस प्रकार के संसाधनों के अंतर्गत आएगा?**

(A) प्राकृतिक संसाधन
(B) मानव निर्मित संसाधन
(C) मानव संसाधन
(D) गैर-नवीकरणीय संसाधन

**38. संविधान सभा की कुल सदस्यता 389 थी, जिनमें से ______ देशी रियासतों के प्रतिनिधि थे।**

(A) 109 (B) 93
(C) 84 (D) 102

**39. धर्मनिरपेक्षता के विचार केअनुकूल निम्नलिखित में से आपको क्या लगता है?**

(A) राजधर्म की मान्यता
(B) एक धर्म का वर्चस्व
(C) सभी धर्मों का समर्थन करने के लिए समान राज्य
(D) इनमे से कोई नहीं

**40. भारतीय संविधान के किस भाग को 'भारत का मैग्ना कार्टा' कहा जाता है?**

(A) भाग III (B) भाग II
(C) भाग VI (D) भाग IV

**41. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में, यह उल्लेख किया गया है कि निर्देशक सिद्धांत न्यायसंगत नहीं हैं?**

(A) अनुच्छेद 37 (B) अनुच्छेद 40
(C) अनुच्छेद 38 (D) अनुच्छेद 39

**42. भारत के उपराष्ट्रपति के वर्तमान संवैधानिक पद के साथ-साथ राज्य सभा के पदेन अध्यक्ष के रूप में कौन सेवा कर रहा है?**

(A) ओम बिरला (B) थावर चंद गहलोत
(C) मुप्पवरपु वेंकैया नायडू (D) गुलाम नबी आज़ाद

**43. जब अटल बिहारी वाजपेयी 1996 में पहली बार प्रधान मंत्री बने, तो प्रधान मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की अनुमानित अवधि क्या थी?**

(A) 2 दिन (B) 2 सप्ताह
(C) 2 महीने (D) 2 वर्ष

**44. संसद की कौन सी दो समितियों को 'ट्विन सिस्टर (जुड़वा बहन)' समितियों के रूप में वर्णित किया जाता है?**

(A) लोक लेखा समिति और प्राक्कलन समिति
(B) लोक लेखा समिति और सार्वजनिक उपक्रमों पर समिति
(C) विधि समिति और प्रत्यायोजित विधान समिति
(D) विशेषाधिकार समिति और याचिका समिति

**45. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ________ की आयु तक अपने पद को धारण करते हैं।**

(A) 58 वर्ष (B) 62 वर्ष
(C) 65 वर्ष (D) 60 वर्ष

**46. यदि हम GNP से मूल्यह्रास घटाते हैं तो हमें प्राप्त होने वाली कुल आय का माप ______ कहा जाता है।**

(A) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (B) सकल घरेलु उत्पाद
(C) व्यक्तिगत आय (D) राष्ट्रीय आय

**47. रेपो रेट' क्या है?**

(A) वह दर है जिस पर आरबीआई राज्य सरकार को उधार देता है
(B) वह दर है जिस पर अंतर्राष्ट्रीय सहायता एजेंसियां आरबीआई को उधार देती हैं
(C) वह दर है जिस पर आरबीआई कम परिपक्वता के सन्दर्भ में बैंकों को उधार देता है
(D) वह दर है जिस पर आरबीआई देश के वाणिज्यिक बैंकों से धन उधार लेता है

**48. निम्नलिखित में से कौनसी भारतीय कृषि की विशेषता है?**

(A) मानसून पर निर्भरता (B) श्रम प्रधान खेती
(C) छोटे आकार की जोत (D) उपरोक्त सभी

**49. पारिस्थितिक पिरामिड को _____ श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।**

(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) चार

**50. माइका .........है।**

(A) ऊष्मा तथा विद्युत दोनों का कुचालक
(B) ऊष्मा तथा विद्युत दोनों का चालक
(C) ऊष्मा का कुचालक तथा विद्युत का चालक
(D) ऊष्मा का चालक तथा विद्युत का कुचालक

51. **आवर्त सारणी में समान तत्वों के समूह की सामान्य विशेषता क्या होती है?**
(A) बाह्यतम कक्ष में इलेक्ट्रॉन
(B) कुल इलेक्ट्रॉनों की संख्या
(C) कुल प्रोटॉनों की संख्या
(D) परमाणु भार

52. **गांधार कला शैली ______ कला से प्रभावित थी।**
(A) कोरियाई और मंगोलियाई
(B) फारसी और तुर्की
(C) ग्रीक और रोमन
(D) चीनी और जापानी

53. **प्राचीन काल में किस शहर को 'अवंतिका' के नाम से जाना जाता था?**
(A) उज्जैन (B) ग्वालियर
(C) झांसी (D) भोपाल

54. **तनाख' किस धर्म / संप्रदाय का पवित्र ग्रंथ है?**
(A) यहूदी धर्म (B) जैन बौद्ध
(C) ताओ धर्म (D) कन्फ्यूशीवाद

55. **चंदरनगर (चंदननगर) 23 मार्च 1757 को ब्रिटिश नौसेना द्वारा कब्जा कर लिया गया एक _______ उपनिवेश था।**
(A) फ्रेंच (B) दानिश
(C) पुर्तगाली (D) डच

56. **भारत का राष्ट्रगान किसने लिखा है?**
(A) बी.जी. वर्गीज (B) बी.सी. चटर्जी
(C) अरविंद अडिगा (D) रबींद्रनाथ टैगोर

57. **रामकृष्ण मिशन किसके द्वारा स्थापित किया गया था?**
(A) स्वामी विवेकानंद (B) रामकृष्ण परमहंस
(C) शारदा देवी (D) महेंद्रनाथ गुप्ता

58. **सामवेद' को भारतीय ______ के प्राथमिक स्रोतों में से एक माना जाता है**
(A) मुद्रा (B) कपड़ा डिजाइन
(C) औषधि (D) संगीत और कला

59. **उपभोक्ता की आय में ________ के साथ सामान्य वस्तु के लिए मांग भी घटती है।**
(A) वृद्धि (B) कमी
(C) स्थिर (D) दोगुनी

60. **2025 में सबसे लंबे समय तक निरंतर भरतनाट्यम प्रदर्शन का विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया?**
(A) सुधीर जगपथ
(B) रेमोना एवेट पेरेरा
(C) गुरु श्री विद्या
(D) बिशप पीटर पॉल सालदानहा

61. **पुष्यमित्र शुंग द्वारा मारा जाने वाला अंतिम मौर्य शासक था:**
(A) देववर्मन (B) बिंदुसार
(C) बृहद्रथ (D) दशरथ

62. **1770 में पटना में स्थापित राजस्व परिषद के अध्यक्ष कौन थे?**
(A) जेम्स एलेक्जेंड्रा (B) रॉबर्ट पाल्को
(C) जॉर्ज वैनसिटार्ट (D) राजा शिताब राय

63. **बिहार राज्य के कुल क्षेत्रफल के कितने प्रतिशत भू भाग पर वन पाए जाते है।**
(A) 6.3%
(B) 7.74%
(C) 9.9%
(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

64. **बिहार का वह जिला है जहां गंगा नदी की लंबाई अधिक है**
(A) भागलपुर (B) कटिहार
(C) पटना (D) बेगूसराय

65. **2025 अंतर्राष्ट्रीय दिवस विश्व के आदिवासी लोगों की थीम क्या है?**
(A) आदिवासी भाषाएँ: पुनरुद्धार और संरक्षण
(B) आदिवासी समुदायों के लिए जलवायु न्याय
(C) आदिवासी लोग और एआई: अधिकारों की रक्षा, भविष्य को आकार देना
(D) पारंपरिक ज्ञान और सतत विकास

66. **बिहार में निकल और क्रोमियम का भण्डार कहाँ मिलता हैं ?**
(A) मुंगेर, भागलपुर
(B) रोहतास, कैमूर
(C) औरंगाबाद, गया
(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

ToppersNotes Unleash the topper in you

67. **किस संगठन ने 2025-26 के लिए दीन दयाल स्पार्श योजना की घोषणा की?**
(A) शिक्षा मंत्रालय (B) डाक विभाग
(C) संचार मंत्रालय (D) फिलेटली विभाग

68. **बिहार जनगणना 2011 के अनुसार कुल जनसंख्या में अनुसूचित जाति (SC) का कितना प्रतिशत हैं?**
(A) 15.7%
(B) 14.5%
(C) 15.9%
(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

69. **बिहार के पहले राज्यपाल (1937-1947) कौन थे?**
(A) थॉमस अलेक्जेंडर स्टीवर्ट
(B) ह्यूग डोव
(C) मौरिस गार्नियर हैलेट
(D) रॉबर्ट फ्रांसिस मुडी

70. **ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज और गति क्या है?**
(A) रेंज: 250 किमी, गति: मैक 2.5
(B) रेंज: 290 किमी, गति: मैक 2.8
(C) रेंज: 300 किमी, गति: मैक 3.0
(D) रेंज: 350 किमी, गति: मैक 3.5

71. **हरिश्चन्द्रों की सत्यता से ही भारत का सम्मान बचा हुआ है।' इस वाक्य में किस प्रकार के संज्ञा शब्द प्रयुक्त हुए हैं ?**
(A) केवल व्यक्तिवाचक
(B) केवल व्यक्तिवाचक और भाववाचक
(C) केवल व्यक्तिवाचक और जातिवाचक
(D) व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक

72. **संज्ञा या सर्वनाम को क्रिया से जोड़ने वाले शब्द कहलाते हैं?**
(A) क्रिया (B) कारक
(C) कोष्ठक में दिए शब्द (D) इनमें से कोई नहीं

73. **सर्वनाम के भेद होते हैं -**
(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 6

74. **घंटी बजी है, कोई आया है' पंक्ति में कौनसा सर्वनाम है -**
(A) निजवाचक (B) अनिश्चयवाचक
(C) पुरुषवाच्यक (D) निश्चयवाचक

75. **किस विकल्प में सभी 'स्त्रीलिंग' शब्द हैं?**
(A) भेड़िया, टोली, बाघ (B) उल्लू, सभा, आँख
(C) केंचुआ, फौज़, प्रजा (D) चील, जोंक, कोयल

76. **किस विकल्प के सभी शब्द पुल्लिंग हैं?**
(A) हार, पायल, पुखराज
(B) कौआ, खरगोश, मंडल
(C) हीरा, मोती, मणि
(D) नथ, मूंगा, पन्ना

77. **क्रिया-विशेषण रहित वाक्य है?**
(A) मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनो।
(B) वह अपनी कक्षा का सबसे होशियार विद्यार्थी है।
(C) सुबह से वर्षा लगातार हो रही है।
(D) वे अचानक चले गए।

78. **निम्नलिखित प्रश्न के शब्दों के पर्याय (समानार्थक शब्द) के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प चुनिए।**
**स्वच्छ**
(A) निर्मल (B) पंकिल
(C) नीरज (D) नीरद

79. **पर्यायवाची शब्दों के संबंध में असंगत युग्म चुनिए -**
(A) तरणी, द्रोणी, उडुप - नाव
(B) पाशहस्त, सावित्रेय, कृतांत - बलराम
(C) अंभसार, इंदुमणि, प्रवाल - मोती
(D) सलिलेश, क्षीरधि, अर्णव - समुद्र

80. **निम्नलिखित में से किस समूह के सभी शब्द पर्यायवाची हैं?**
(A) सोना-कंचन, कनक, जातरूप, स्वर्णयूथिका
(B) धनुर्धर-धनुषधारी, कमनैत, तीरंदाज, बानैत
(C) पृथ्वी-अचला, पृथुल, अवनि, वसुंधरा
(D) निर्झर-निर्झारिणी, झरना, प्रपात, चश्मा

81. **कारक कितने प्रकार के होते हैं?**
(A) छह (B) पाँच
(C) चार (D) आठ

ToppersNotes
Unleash the topper in you